### कलेक्टर के आदेश पर उपार्जन केन्द्रों में बिचौलियों व दलालों पर रखी जा रही नजर

# कूटरचित दस्तावेज से 13.38 लाख की धान बेचने वाले पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धान विक्रय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंनगौडी में फर्जी रजिस्ट्रेशन करवारकर किसान सहकारी विपणन समिति बड़वारा में 613.2 क्विंटल धान का विक्रय करने वाले डोकरिया निवासी राजाराम साहू के विरुद्ध पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में धारा 420 के तहत एफ आई आर दर्ज कराई गई है।



जिले में धान उपार्जन शुरू होने के साथ ही किसानों के प्रति जिला प्रशासन का नजरिया सकारात्मक और संवेदनशील रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर धान उपार्जन में दलालों,विचौलियों, व्यापारियों और फर्जी सिकमीनामे की आड़ लेकर उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने की मंशा रखने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कलेक्टर को राजाराम साहू के मामले की शिकायत मिलने के 24घंटे के भीतर ही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।यह प्राथमिकी कलेक्टर के निर्देश पर प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा विगढ़ के समिति प्रबंधक विनोद दुबे ने दर्ज कराया है।

राजाराम साहू द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर एक प्रकार से फर्जी सिकमीनामा तैयार कर ददनेश कुमार तिवारी, राकेश तिवारी, सजनेश तिवारी , और भैया लखन तिवारी निवासी डोकरिया की भूमि का फर्जी धान का पंजीयन करवार कर बड़वारा समिति में 613 .2 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। जिसका समर्थन मूल्य 13 लाख 38 हजार 615 रुपए है। इस प्रकार राजाराम साहू द्वारा अवैध रूप से लाभ अर्जित कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। जिसके कारण पात्र कृषक ददनेश पिता अंबिका प्रसाद तिवारी निवासी डोकरिया को शासन की योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ा इस प्रकार राजाराम साहू का कृत्य धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। इसलिए इनके विरुद्ध विजयराघवगढ़ पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### अभिलेखों की करें सूक्ष्म जांच

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में उपार्जन व्यवस्था से संबंधित कर्मियों को हिदायत दी है की सिकमी, बटाईदार श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत किसानों के रकबा, बोई गई फसल एवं मूल किसान की सहमति के संबंध में राजस्व विभाग के अमले द्वारा सूक्ष्मता से जांच कराने के उपरांत ही वास्तविक कृषकों से धान का उपार्जन करें।

कलेक्टर ने यह निर्देश प्रदेश के एक जिले में महिला स्व -सहायता समूहों से सांठ-गांठ कर सिकमी , बंटाईदारों के नाम से अवैधानिक रूप से नॉन एफ ए क्यू धान का भंडारण कर समर्थन मूल्य पर विक्रय किए जाने के प्रयास के मामले के मद्देनजर सावधानी और सतर्कता के बतौर दिया है। ताकि कटनी जिले में उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारी सावधान और सतर्क रहें और कोई भी व्यक्ति अनियमितता करने का दुस्साहस नहीं कर सके। साथ ही कलेक्टर ने यह भी ताकीद किया है कि सावधानी पूर्वक इस ओर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाए कि उपार्जन केंद्रों पर अनाधिकृत व्यक्ति किसी भी स्थिति में अवैधानिक रूप से समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय नहीं कर पाये। इसके लिए पूर्ण सजगता ,सतर्कता और मुस्तैदी जरूरी है। अनियमितता करने की चेष्टा रखने और करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप



### हेलमेट लगाने वालों को रोज देकर किया सम्मान

**कटनी।** यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता के द्वारा हेलमेट लगाकर बाइक चलाने वाले बाइक सवारों का सम्मान गुलाब का फूल देकर किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता समझाने तथा हेलमेट लगाकर बाइक चलाने वालों को सम्मानित करने के उद्देश्य से गुलाब के फूल भेंट किए गए। इस दौरान मौजूद यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता ने बातचीत करते हुए कहा कि सड़क पर दो पहिया वाहन चलाने वालों को अनिवार्य तौर पर हेलमेट का धारण करना चाहिए। वाहन दुर्घटनाओं के समय बगैर हेलमेट के बाइक चलाने वालों की अक्सर करके मौत होने की खबरें सामने आती हैं। हेलमेट लगाने से हादसे में लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे

### बरही में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**बरही।** नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही में व्यवहार न्यायाधीश तरूणेन्द्र प्रताप सिंह बघेल की उपस्थिति में रेड क्रॉस सोसायटी बरही ईकाई सरस्वती शिक्षा परिषद कसौंधन वैश्य समाज अग्रवाल नव युवक मंडल अधिवक्ता संघ जन परिषद बरही ईकाई के आयोजन में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन शासकीय महाविद्यालय बरही के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें 242 लोगों ने पंजीयन करवाएं और 125 लोगों ने 125 यूनिट रक्तदान किए जिला कलेक्टर अवि प्रसाद ने रक्तदान शिविर में पहुंचकर नवयुवक मंडल बरही के आयोजकों एवं रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया और भूरि भूरि रक्तदान शिविर की प्रशंसा की और कहा कि जिले में तहसील स्तर पर सबसे बड़ा रक्तदान शिविर का आयोजन है।

### उमावि भुड़सा में हुआ सूर्य नमस्कार



**बड़वारा।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस शुक्रवार को युवा दिवस के अवसर पर बड़वारा जनपद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारम्भ किया गया एवम दिन में 10,.30 बजे कार्य कर्म का समापन किया गया। इस दौरान विद्यालय भुड़सा के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल, भूत पूर्व प्राचार्य एवम भूत पूर्व सैनिक उदय राज सिंह, जन शिक्षक गया प्रसाद साहू, राम किशोर रजक एवम विद्यालय के समस्त विद्यार्थी व शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर रखेंगे नजर

**कटनी।** निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने नगर निगम के सभी उपयंत्रियों के कार्य को कम करने के उद्धेश्य से एक.एक समयपाल दिये है। जिसमें अश्विनी पाण्डेय उपयंत्री को सुनील तिवारी, जेपी सिंह बघेल उपयंत्री को कामता प्रसाद पाण्डेय सहायक राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा उपयंत्री को मनोज पाठक, पवन श्रीवास्तव को पंकज निगम समयपाल शैलेन्द्र प्यासी उपयंत्री को देवी प्रसाद मिश्रा को सहयोग हेतु उपलब्ध कराया गया है। जो अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर नजर रख सकेंगे।

# शिवमहापुराण का दस दिनी आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

जिले के ऐतिहासिक धार्मिक तीर्थ स्थल श्री कुड़िया घाट धाम आश्रम रोहनिया में आज 13 जनवरी से 10 दिवसी शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है तथा 22 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ भव्य दीप उत्सव मनाया जाएगा समिति के सदस्यों ने बताया है कि लगभग 50,000 पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। कुड़िया धाम आश्रम समिति के सदस्यों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर एहतियात के तौर पर समिति सदस्यों के अलावा वालंटियर की नियुक्ति की गई है जो कि पूरे प्रांगण में वॉकी-टॉकी से एक दूसरे से कांटेक्ट में रहेंगे किसी भी अनैतिक मूवमेंट पर समिति के वालंटियर तत्काल पहुंचेंगे। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रखी जायेगी व हर वक्त निगरानी की जाएगी।

मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव शंकर जी के गर्भ ग्रह में श्रद्धालुओं की एंट्री बंद रहेगी श्रद्धालु दूर से ही भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर सकेंगे। समिति के सदस्यों एवं ग्राम वासियों ने सभी क्षेत्रवासियों से श्री कुड़िया धाम आश्रम में पहुंचने की अपील की है।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**कटनी।** बड़वारा थाना के देवरी गांव के समीप बाइक सवार 2 मजदूरों को तेल टैंकर ने रौंद दिया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। हादसा होते ही चालक टैंकर लेकर भाग निकला। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार लदहर ग्राम निवासी महेंद्र केवट 25 अपने साथी सोनू दाहिया के साथ गुरुवार सुबह मजदूरी करने गया था। वहां से काम करने के बाद शाम को दौनों मोटर साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। जब वे देवरी गांव के करीब पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज गति तेल टैंकर ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। टैंकर चालक मोटर साइकिल पर सवार दोनों युवकों को टैंकर से रौंदते हुए भाग निकला। टैंकर द्वारा रौंदे जाने से महेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बड़वारा सामुदायिक केन्द्र में भर्ती कराया गया।

### अर्थदंड अधिरोपित कर दो प्रभारियों को दी चेतावनी

# 5 खरीदी केन्द्र प्रभारियों को उपार्जन कार्य मे कोताही पड़ी मंहगी, तीन ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य में लापरवाही करना पांच खरीदी केन्द्र प्रभारियों को मंहगा पड गया। उपार्जन जैसे किसान हितैषी कार्य में इनकी लापरवाही को देखते हुए तीन खरीदी प्रभारियों को खरीदी कार्य से तत्काल हटा दिया गया है और उपार्जन कार्य से अगले दो सत्रों के लिए ब्लैक लिस्ट भी कर दिया गया है। जबकि दो खरीदी प्रभारियों को भविष्य के लिए चेतावनी दी जाकर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद ने उपार्जन कार्य के शुरू होने के पहले ही उपार्जन से संबंधित समिति प्रबंधकों की बैठक में स्पष्ट रूप से हिदायत दिया था कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही और हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उपार्जन केन्द्रों में केवल किसानों से ही धान खरीदी की जाये और उपार्जन केन्द्रों में किसानों से संबंधित सभी जरूरी व्यवस्थाएं मुहैया कराई जाएं। इसके बावजूद जिला उपार्जन समिति के अधिकारियों द्वारा जब खरीदी केन्द्र सलैया पटोरी, विपणन उमरियापान, रैपुरा, विपणन कटनी एवं धूरी में खरीदी प्रभारियों द्वारा धान उपार्जन कार्य में उपार्जन नीति में दिए गए निर्देशों के पालन में लापरवाही की गई तो इन प्रभारियों पर कार्यवाही की गई है।

इन सभी पांचों खरीदी प्रभारियों की लापरवाही का मामला कलेक्टर के संज्ञान में आते ही उन्होनें संबंधितों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील ने बताया कि खरीदी प्रभारी, खरीदी केन्द्र सलैया पटोरी, खरीदी प्रभारी उपार्जन केन्द्र धूरी एवं खरीदी प्रभारी विपणन सहकारी समिति मर्या उमरियापान पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये खरीदी प्रभारियों को खरीदी कार्य से तत्काल पृथक किया जाकर आगामी 02 सीजन के लिए खरीदी कार्य से ब्लैक लिस्ट किया गया है। खरीदी प्रभारी उपार्जन केन्द्र रैपुरा तथा खरीदी प्रभारी विपणन सहकारी समिति मर्यादित कटनी को भविष्य के लिए चेतावनी दी जाकर अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

### लापरवाही पर दो कर्मियों का विभाग बदला

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने दो कर्मचारियों का कार्य विभाजन करने का आदेश दिया है। आयुक्त ने अभिषेक बघेल उद्यान पर्यवेक्षक एवं राकेश रजक स्थाई कर्मी को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण शाखा के प्रभार वापस लेते हुये अभिषेक बघेल को उद्यान शाखा अंतर्गत नगर के सभी रोड डिवाइडर की नियमित देखभाल का कार्य सौंपा है। राकेश रजक को रैन बसेरा से संबंधित कार्यवाही एवं रात्रि के समय बेसहारा लोगों को रैन बसेरा तक सुरक्षित पहुंचाने दायित्व सौंपा।

### वाहन चालकों के खिलाफ की गई चालानी कार्रवाई



कोतवाली थाने के बाहर पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सहित वाहन के अन्य दस्तावेज देखे। जांच के दौरान पुलिस ने 18 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 5600 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों का रजिस्ट्रेशन, वाहन का बीमा संबंधी दस्तावेजों को देखा जा रहा है। इसके अलावा दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाने और बगैर हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाने पर भी कार्रवाई की गई।

# तीन माह के भीतर निगम का निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य पूर्ण करें : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये 03 माह से भी कम समय शेष है राजस्व निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये गत दिवस नगर निगम कम्प्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयों के अलावा सभी 45 वार्डो में संपत्तिकर वसूली हेतु शिविरों का आयोजन करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जावेगा। महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा राजस्व वसूली में तीव्र गति से कार्य किये जाने निगमायुक्त विनोद शुक्ल को राजस्व वसूली के लिये शिविरों का आयोजन कराने निर्देश दिये गये।

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि 11 जनवरी से 24 जनवरी तक सभी वार्डो में संपत्तिकर वसूली के लिए शिविर लगाये जाये। जिसमें 11 जनवरी 2024 को नायक सीमेंट के सामने वार्ड क्र. 01 02 03 एवं सरस्वती स्कूल के पास वार्ड क्रमांक 10 11 12 जनवरी 2024 को शिवनगर दुर्गा मंदिर के पास वार्ड क्रं. 04 05 एवं शम्भू टाकीज के पास वार्ड क्रं. 10 11 12 13 जनवरी 2024 को कुठला थाने के पास वार्ड क्रं. 1 2 3 एवं गांधी गंज गौर गली वार्ड क्रं. 9 10 11 23 15 जनवरी 2024 को लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वार्ड क्रं. 6 7 8 24 एवं भोले मंदिर के पास वार्ड क्रं. 37 38 39 16 जनवरी 2024 को सत्यनारायण मंदिर के सामने वार्ड क्रं. 13 14 एवं परौहा मार्केट रोशन नगर वार्ड क्रं. 17 18 17 जनवरी 2024 को दुर्गा चौक खिरहनी 15 16 17 एवं घंटाघर चौराहा वार्ड क्रं. 22 23 18 जनवरी 2024 को मंगल नगर गेट के पास वार्ड क्रं. 33 34 एवं राम मंदिर के पास वार्ड क्रं.19 20 21 35 19 जनवरी 2024 को गजानन काम्पलेक्स वार्ड क्रं. 22 23 एवं जयहिंद चौक वार्ड क्रं. 31 32 33 20 जनवरी 2024 को बरगवां स्कूल के पास वार्ड क्रं. 27 28 29 एवं नारायण बेकरी के सामने वार्ड क्रं. 41 42 43 21 जनवरी 2024 को एनकेजे बजरिया वार्ड क्रं. 19 20 35 एवं खेरमाई के सामने सामुदायिक भवन वार्ड क्रं. 45 22 जनवरी 2024 को पटेल मार्केट वार्ड क्रं. 44 23 जनवरी 2024 को सीएलपी स्कूल के सामने वार्ड क्रं. 29 30 31 32 24 जनवरी 2024 को सुभाष चौक में वार्ड क्रं. 22 23 25 26 में शिविर लगाये जाने के निर्देश दिये।

### 450 हितग्राहियों को किया जाएगा कृत्रिम अंग का वितरण

# जिले के दिव्यांग हितग्राहियों को कृत्रिम अंग मुहैया करानें कलेक्टर का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के साढे चार सौ दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों एवं कृत्रिम अंग मुहैया कराने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों के फलीभूत होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके लिए कलेक्टर ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रबंधन से चर्चा कर जिले के दिव्यांगजनों के हित में जरूरी उपकरण व कृत्रिम अंग प्रदान करने 9 लाख रूपये की राशि व्यय करने पर सहमति जताई। कलेक्टर अवि प्रसाद की विशेष मौजूदगी में स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एवं भिलाई इस्पाल संयंत्र, कुटेश्वर चूना पत्थर खदान, एवं उप संचालक, सामाजिक न्याय विभाग, के बीच आज शुक्रवार को मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग हस्ताक्षरित किया गया।



इस दौरान कुटेश्वर चूना पत्थर खदान की ओर से मनोज कुमार, जी0एम0 एवं सामाजिक न्याय विभाग की ओर से उपसंचालक, नयन कुमार सिंह उपस्थित रहे।

अनुबंधित एम.ओ.यू के अनुसार दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय हेतु कुटेश्वर चूना पत्थर माईनस द्वारा 9 लाख रूपये की राशि प्रदाय की जायेगी । राशि का उपयोग शर्त अनुसार मध्य प्रदेश एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के बीच कुटेश्वर चूना पत्थर खदान के आस- पास के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग तथा उपकरण एलिम्को (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम) के माध्यम से उपलब्ध कराना निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत सुनिश्चित किया जायेगा।

सामाजिक न्याय विभाग को राशि प्रदाय होने के उपरांत शासकीय संस्था एलिम्को से कृत्रिम अंग प्राप्त कर समारोह पूर्वक कुटेश्वर क्षेत्र के दिव्यांग जनों को दो माह के अंदर वितरित किया जायेगा । इसके अलावा जिले के अन्य दिव्यांगजनों को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया है। जिले में दिव्यांग हितग्राहियों हेतु प्रथम बार किये गए इस नवाचार के तहत जिले के लगभग 450 दिव्यांग हितग्राहियों को ट्रायसायकल, कान के हियरिंग मशीन, बैसाखी, पैड, मोटराईज्ड सायकल दी जायेगी।

### कलेक्टर, जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित विद्यार्थी भी हुए शामिल

# युवा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में हुआ सामूहिक सूर्य-नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया, ।जिसमें कलेक्टर श्री अवि प्रसाद, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन,अपर कलेक्टर साधना परस्ते, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह, डी पी सी के के डेहेरिया सहित गणमान्य नागरिको, विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में आयोजित युवा दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रुप से सूर्य नमस्कार व योग की क्रियायें एक समय और एक संकेत के अनुसार की। विद्यार्थियों के साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम अनुसार एक साथ चरणबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। रेडियों प्रसारण के साथ-साथ कलेक्टर एवं अधिकारियों और बडी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर प्रार्थनामुद्रा, हस्तउत्सासन, पादहासन, अश्वसंत्वासन, पर्वतासन, अष्टांग, नमस्कार भुजगांसन कर सूर्य नमस्कार के सात आसानों की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया। साथ ही अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम भी किया। इसी तरह जिले की सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

आकाशवाणी से प्रसारण अनुसार सर्व प्रथम राष्ट्रगीत, वंदेमातरम् एवं स्वामी विवेकानन्द के संदेश तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण हुआ। इसके बाद उपस्थित समस्तजनों ने लयबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। सूर्य नमस्कार के समापन पर राष्ट्रगान भी गाया गया।

### सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय आईटीआई कटनी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रशिक्षणार्थियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास, योग प्रशिक्षक लय राजपूत, श्रीमती रीता त्रिपाठी प्रशिक्षण अधिकारी, अनिल कुमार तिवारी, भारती तिवारी, रश्मि आठिया, निधि द्विवेदी, नवीन सोनी, जितेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार तिवारी, सहित समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

# दो पंचायत सचिवों के विरुद्ध की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दो विभागीय जांच के प्रकरणों में जिला पंचायत के सीईओ ने विभागीय जांच का परिशीलन करते हुए कृष्णकांत शुक्ला सचिव ग्राम पंचायत करहिया नंबर 1, जनपद रीठी और ओमकार गर्ग सचिव ग्राम पंचायत सोमा कला जनपद पंचायत बहोरीबंद के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए क्रमशः दो वार्षिक वेतन वृद्धि और एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचई प्रभाव से रोकने का आदेश पारित किया है।

### लापरवाही पर कार्यवाही

जारी आदेश में जिला सीईओ श्री गेमावत ने निलंबन अवधि को कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत पर निराकरण करते हुए प्रकरण समाप्त कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने विभागीय जांच कर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विभागीय जांच में अपचारी लोक सेवको के विरुद्ध अधिरोपित आरोपों में वित्तीय अनियमितता के साथ-साथ पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही किया जाना प्रमाणित पाया गया।

फलस्वरूप सीईओ जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने सचिवों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम में वर्णित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप



### जुआरियों पर हुई कार्यवाही, 4220 रूपए व 7 बाइकें जब्त

**ढीमरखेड़ा।** पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि शुक्रवार को थाना ढीमरखेडा एंव चौकी सिलौड़ी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कछारगांव कोसमहार महुआ के पेड के नीचे दबिश दी गई। जहां पर रजनीशं तिवारी, अतुल तिवारी, विपेन्द्र बागरी, प्रकाश पटेल एंव पवन मिश्रा को मौके से गिरफतार किया गया एवं कुछ जुआडी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। जुआ खेलते मिलने पर थाना ढीमरखेडा में उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से 4220 नगदी 52 ताश पत्ते एंव 7 मोटर सायकिल जप्त की गई है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी मो शाहिद, उनि एम.एल. करण, सउनि जयचंद उईके, सउनि संतोष विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

### कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों मासांत तक आवेदन का मौका

**कटनी।** भारत सरकार की पी.एम. यशस्वी योजनांतर्गत ओ.बी.सी, डी.एन.टी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये ऑनलाईन आवेदन हेतु एनएसपी पोर्टल पर भरनें की अंतिम तिथि को बढाकर अब 31 जनवरी तक कर दिया गया है। योजना के तहत पात्र विद्यार्थी अब अंतिम तिथि से पूर्व पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। पात्रता संबंधी जानकारी एन.एस.पी पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नें जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो से छात्र-छात्राओ को सहयोग प्रदान करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु कॉल सेंटर स्थापित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर फोटो निर्वाचन नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को दृष्टिगत रखते हुए सुविधा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 99 डी.सी.सी में हेल्पडेस्क नंबर स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 1950 है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा कॉल सेंटर में प्राप्त होनें वाली सूचना एवं शिकायतों का विधिवत संधारण एवं रिर्पोटिंग हेतु तीन पालियों में प्रथम पाली प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं तृतय पाली रात्रि 11 बजे से प्रातः 7 बजे तक कुल 6 कर्मचारियों की डियुटी लगाते हुए जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग के निर्देशन में कार्य करनें हेतु निर्देशित किया है।

### विभागीय अधिकारियों को सौपें दायित्व

**कटनी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 15 जनवरी 2024 को मेगा ईवेंट कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी ग्राउंड में किया जाना है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा को कार्यक्र की संपूर्ण व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर जिले के विभागीय अधिकारियों की डियुटी लगाई जाकर आवश्यक दायित्व सौपे गए है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार वनमण्डलाधिकारी कटनी को कार्यक्रम स्थल पर वीडीवीके का प्रदर्शन व वनोपज से संबंधित स्टॉल लगानें, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा को कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण व्यवस्था हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लानें एवं ले जानेसहित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का दायित्व सौपा गया है।

---

विधायक, महापौर और कलेक्टर की मौजूदगी में आयोजित बैठक में हुए कई अहम निर्णय

# दीनदयाल रसोई में जरूरतमंदों और गरीबों को 5 रूपये में मिलेगा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम क्षेत्र में संचालित होने वाली दीनदयाल रसोई केन्द्रों से अब गरीबो और जरूरतमंद व्यक्तियों को पांच रूपये प्रति थाली की दर से भोजन मिलेगा। इससे संबंधित जरूरी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद और नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

बैठक में रसोई केन्द्रों के व्यवस्थित संचालन हेतु स्थल भवन, जल एवं विद्युत संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा शासन द्वारा निर्धारित दर पर भोजन उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं के टेंडर प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक शर्तो और वांछनीय अर्हताओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से संस्था का टर्नओव्हर न्यूनतम 25 लाख हो साथ ही संस्था द्वारा प्रतिदिन भोजन पकाकर गर्म ताजा व वितरित करने का अनुभव भी होना चाहिए।

### तीन रसोई एवं एक चलित रसोई

जिला समन्वय एवं अनुसरण समिति की बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र में कुल चार दीनदयाल रसोई का संचालन किया जाना है। जिससे गरीबों और जरूरतमंदों को मात्र 5 रूपये प्रति थाली पर भोजन दिया जायेगा। बैठक के दौरान संचालित तीन स्थाई रसोई केंद्र एवं चलित रसोई केंद्र के नवीन टेंडर के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाकर समिति द्वारा नगर पालिक निगम कटनी को उक्त कार्य हेतु नवीन टेंडर जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा दीनदयाल रसोई के संचालन हेतु और भीकई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी डी.के.पासी, नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

### ऋषि कृष्ण शास्त्री पूजन सामग्री एकत्रीकरण वाहनों का आज करेंगे शुभारंभ

धर्म के प्रति आस्थावान नगर निगम की महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर के मंदिरों धार्मिक स्थलों एवं घरों से निकलने वाली पूजन सामग्री को एकत्र करने वाले वाहनों का शुभारंभ कृष्ण शास्त्री महाराज के कर कमलों द्वारा कराया जाएगा। पूजन सामग्री एकत्री करण वाहन का शुभारंभ ऋषि कृष्ण शास्त्री महाराज 13 जनवरी की दोपहर दो बजकर तीस मिनट पर नगर निगम परिसर में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान करेंगे। पूजन सामग्री एकत्रीकरण वाहन के शुभारंभ अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के अलावा धर्म गुरुओं की भी मौजूदगी रहेगी।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नगर की जनता से पूजन सामग्री वाहनों के शुभारंभ अवसर कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है।

---




# विद्यार्थियों के बनाये लर्निंग लायसेंस, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में छात्रों को यातायात के नियमों और संकेतों की जानकारी देने के अलावा मौके पर ही छात्रों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। सेमिनार में 120 से भी अधिक छात्रों के आवेदन लर्निंग लाइसेंस के लिए प्राप्त हुए जिनमें से लगभग 54 छात्रों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर प्रदान किया गया। आरटीओ अधिकारी कटनी विमलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इन दिनों सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

### 113 आवेदन प्राप्त हुए

शासकीय तिलक महाविद्यालय में शिविर लगाकर न केवल छात्र-छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए बल्कि उन्हें यातायात नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता तथा सड़क पर लगे संकेतों के बारे में विधिवत जानकारी प्रदान की गई। शासकीय तिलक महाविद्यालय में यातायात जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आरटीओ विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनने के लिए छात्र-छात्राओं के113 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 54 लर्निंग लाइसेंस तत्काल ही बनाकर जारी किए गए। कार्यक्रम के दौरान आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता के अलावा विभागीय अमला मौजूद रहा।

---

*बालक हायर सेकेण्डरी गांधी छात्रावास, कन्या स्कूल में आयोजन*

# स्वामीजी के जीवन पर डाला प्रकाश, स्कूलों में कराया सामूहिक नमस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी में शासकीय बालक हायर सेकेंडरी ,कस्तूरबा गांधी छात्रावास ,शासकीय माध्यमिक कन्या स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ । इसी तरह शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि रवि अवस्थी में युवा दिवस का कार्यक्रम हुआ । सरस्वती पूजन के बाद सूर्य नमस्कार एवँ योग किया गया। रवि अवस्थी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य विशाल वरखडे ने भी स्वामीजी की तरह ध्यानपूर्वक अध्ययन कर जीवन में आगे बढ़ने मार्ग बताया। शिक्षक तुलसी नामदेव ने भी योग का महत्व बताते हुए रोज ही कुछ समय योग का आग्रह किया ।

### सिलौंडी पंचायत की बड़ी करवाई पांच बड़े बकायदारों के नल कनेक्शन काटे

सिलौंडी ग्राम पंचायत ने अपनी जल कर के 5 बड़े बकाया दारो के नल कनेक्शन काटे है । बार बार नोटिस देने के बाद भी बकाया जलकर की राशि जमा नही के कारण करवाई है ।सिलौंडी सचिव कुंज बिहारी चनपुनिया ने बताया कि ग्राम पंचायत को अपनी जलकर की आय से नल जल के कर्मचारियों को वेतन देना पड़ता है । जलकर की राशि बकाया होने से कर्मचारियों वेतन में दिक्कत आ रही थी । नोटिस देने के बाद भी बकायदा वाले नल कनेक्शनधारी सहयोग नही कर रहे थे । ग्राम पंचायत सरपंच पंचो संतोष कुमार एवं उपसरपंच राहुल राय ने ग्राम के लोगों से समय पर जलकर की राशि जमा करने का आग्रह किया है । जिससे ग्राम की नल जल व्यवस्था सुचारू रूप से अच्छी तरह चल सकें ।



---

### विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनने किया प्रेरित



केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार अब विकसित भारत यात्रा के ब्रांड एंबेसडर करेंगे। इसे लेकर पूरे देश में युवाओं को यात्रा का एंबेसडर बनाया जा रहा है। प्रदेश भर में इसकी शुरुआत युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से की गई है।भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे के नेतृत्व में ढीमरखेड़ा मंडल के भाजयुमो कार्यकर्ता उमरियापान महाविद्यालय पहुँचे। युवाओं को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री विजय दुबे ने कहा कि युवा वर्ग को अपना कौशल निखार कर विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभानी होगी, इसलिए हर युवा विकसित भारत का ब्रांड एम्बेसडर बनकर अपनी भूमिका तय कर ले।भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष वैभव चौरसिया ने कहा कि जनकल्याण की सोच के साथ ऐसा मेगा अभियान पहले कभी नहीं चलाया गया। पीएम मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो।भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुशांक चौरसिया ने युवाओं को नमो ऐप डाउनलोड कराकर उन्हें विकसित भारत एम्बेसडर बनने के लिए प्रेरित किया।

---

# रूकमणि विवाह में जम कर नाचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर के सिद्ध बाबा मंदिर संतनगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दौरान माता रूकमणि व भगवान श्रीकृष्ण का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास डा. बालेन्दु मिश्र प्रयागराज ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने पूतना उद्धार, बाल लीला और गोवर्धन पूजा प्रसंग पर प्रकाश डाला। कथा व्यास ने कहा कि भगवान के बाल स्वरूप का दर्शन करने स्वर्ग से देवता भी रूप बदलकर धरा पर आए ताकि वे भगवान की बाल लीलाओं को देख सकें और उनका दर्शन कर सकें।

उन्होंने कहा कि गोपियां भी भगवान की एक झलक पाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण की शिकायत करने के बहाने से उनके घरों में जाती थीं और उनकी लीलाओं को देखकर मुग्ध हो जाती थीं। भगवान की बाल लीलाओं से लेकर विवाहोत्सव तक की कथा का कथा व्यास ने भजनों के बीच वर्णन किया और कहा कि भगवान लीलाओं की कथा लोगों के मन को मुग्ध कर देने वाली है। कथा महोत्सव में माता रूकमणि व श्रीकृष्ण की जीवंत झांकी सजाई गई और उनकी बारात निकाली गई। ढोल-नगाड़ों के बीच कालोनी में निकली बारात का लोगों ने स्वागत किया और जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई। कार्यक्रम स्थल पर बारात का स्वागत आयोजकों ने किया। जिसके बाद विवाहोत्सव का आयोजन हुआ और उसके बाद लोगों ने भगवान के पैर पूजे और उपहार भेंट कर परिवार के कल्याण की कामना की। भगवान की आरती उतारी गई और प्रसाद का वितरण कर दिन की कथा को विराम दिया गया। आयोजकों ने बताया कि रविवार को कन्या भोज, भंडारे के साथ कथा महोत्सव का समापन किया जाएगा।

---

*नाम जोड़ने व हटाने के प्राप्त आवेदनों की ली जानकारी*

# कलेक्टर ने मतदान केंद्र सिनगौड़ी का निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने विकासखण्ड वियजराघवगढ़ के सिनगौड़ी स्कूल स्थित मतदान केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुडवानें हेतु अग्रिम रूप से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपस्थित बीएलओ को घर- घर जाकर नये मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कुल मतदाताओं की संख्या, प्राप्त नाम जोड़नें हटानें एवं संशोधन की कार्यवाही हेतु कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या की जानकारी लेते हुए एक घर में छह से अधिक मतदाता होने पर घर-घर संपर्क कर भौतिक सत्यापन किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर 13 एवं 20 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित करनें तथा इस दौरान सभी बीएलओ को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि 18 वर्ष की आयु वाले नवीन मतदाताओं सहित विवाह होकर जो महिलाएं आईं है उनका नाम जोडें। साथ ही ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है या जो किसी दूसरे स्थान पर चले गए है उनका नाम हटानें की नियमानुसार कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार नितिन पटेल और नायब तहसीलदार पी के वर्मा मौजूद रहे।

---

महापौर ने स्कूलों की दशा सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

# गुणवत्ताहीन मध्यान्ह भोजन परोसने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने दलबल के साथ नगर निगम द्वारा संचालित ए रविंद्र राव स्कूल एवं मोहनलाल पुरवार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक।निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों की दशा सुधारने और यहां पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के प्रयास में महापौर श्रीमती सूरी लगातार जुटी हुई हैं।

इसी क्रम में नगरपालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक स्थानीय पार्षद श्रीमती परवीन बिट्टू मौसूफ बिट्टू निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल की मौजूदगी में ए रविन्द्रराव स्कूल पुरवार स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्कूल की जर्जर हालत को देखते हुए गहन चिंता जाहिर की। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों को जर्जर स्कूल के उत्थान एवं पुनर्निर्माण के लिए टेंडर काल कर कार्य करने के निर्देश दिए। महापौर ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल ही जर्जर दीवारों को गिराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

### बच्चों को दी अधपकी रोटी

नगर निगम द्वारा संचालित मोहनलाल पुरवार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बच्चों को मध्यान भोजन में गुणवत्ता हीन भोजन परोसते देख महापौर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। महापौर श्रीमति सूरी ने छात्र-छात्राओं को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन को गुणवत्ताहीन पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए परोसी गई रोटियां हाथ में उठाकर देखी और रोटी कच्ची होने पर जमकर नाराजगी व्यक्त की। महापौर श्रीमती सूरी के औचक निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन में छात्रों को परोसी गई सब्जी भी गुणवत्तायुक्त नहीं मिली। महापौर ने छात्र-छात्राओं के भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु मौजूद अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देश दिये। साथ ही महापौर द्वारा विद्यालय के रख-रखाव एवं स्कूल की दशा सुधारने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष शिबू साहू रमेश सोनी जय नारायण निषाद शशिकांत तिवारी पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा सहायक यंत्री आदेश जैन सुनील सिंह उप यंत्री मृदुल श्रीवास्तव मोना करेरा शैलेंद्र प्यासी अभिषेक अरजरिया एवं शाला के प्राचार्य मनोज रैदास राजेश तिवारी मनोज चौधरी के साथ शाला स्टाप एवं निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# पीएम जनमन योजना के शिविर में हितग्राहियों को किया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री जनमन योजना के मेगा इवेंट की तैयारी एवं हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्रतानुसार शत-प्रतिशत लाभ दिलाने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के विकासखण्ड ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा के 11 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान बैगा हितग्राहियों को योजना अंतर्गत समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए इन चिन्हांकित मजरे-टोले एवं ग्रामों में विभागों के अधिकारियों द्वारा विगत 6 जनवरी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही की जा रही है।

जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग पूजा द्विवेदी नें बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर विकासखण्ड ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम खंदवारा स्थित ग्राम पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित बैगा समुदाय के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाकर लाभ प्राप्त करनें हेतु प्रेरित करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मेगा इवेंट करेंगे। योजनान्तर्गत पात्रता रखने वाले विशेष जनजाति के निवास वाले मध्यप्रदेश के 22 जिलों में प्रधानमंत्री जी के मेगा इवेंट का लाइव प्रसारण किया जाएगा। मेगा इवेंट के तहत विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं से पीबीटीजी समुदाय के हितग्राहियों को शत-प्रतिशत रूप से लाभान्वित किया जाएगा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के मेगा इवेंट के दिन 15 जनवरी को प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से जुड़कर इन 22 जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्रसाल मैदान के मुख्य गेट के बगल से बने खंडहर दुकान को हटाए जाने की खेल प्रेमियों ने की मांग

**पवई।** नगर के एकमात्र खेल मैदान महाराजा छत्रसाल में इन दिनों जीर्णोधार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है और चारों तरफ की टूटी हुई बाउंड्री वॉल को भी बनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को खेल प्रेमियों ने नगर परिषद पवई से मांग की है कि मैदान के मुख्य गेट के बगल से नगर परिषद की जर्जर दुकान बनी हुई है जो पीछे से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त है,जिसमें खेल मैदान खेलने मे आए छोटे-छोटे बच्चे पशु जानवर भी जा सकते है जिससे कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है खेल प्रेमियों ने नगर परिषद से उस खंडहर नुमा दुकान को हटाए जाने की मांग की है।

### शासकीय कन्या उ.मा.वि. में सामूहिक सूर्य नमस्कार संपन्न

**अमानगंज।** नगर अमानगंज के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती के दिन युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के साथ विद्यालय के शिक्षक गण एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया तत्पश्चात स्वास्थ्य रक्षक प्राणायाम उज्जाई, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी किया गया। तत्पश्चात भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए अनमोल जीवन उपयोगी विभिन्न बातें बताई।

### छात्र-छात्राओं के साथ राज्यमंत्री व शिक्षकों ने भी किया सूर्य नमस्कार

# युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आज का युवा भविष्य के सपने देखता हैं और उनको साकार करने का काम करता हैं। युवा वह है जो अंधेरों में भी उजाले की ओर देखता हैं, बुजुर्गों का सम्मान करता है, उनका आधार बनता हैं, अपनी पूरी शक्ति अपने उज्जवल भविष्य के लिए झोंक देता हैं, युवा देश समाज और राष्ट्र के लिए काम करने हमेशा तत्पर रहता है। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व्यक्त किये। उन्होंने विवेकानंद जी की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लोधी ने कहा विवेकानंद जी हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। युवा अपने आप में समृद्ध बनें, समस्याएं अनेक है, समाधान सिर्फ एक हैं, वह है युवा की चेतना का जागरण, युवाओं की शक्ति का उनके क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी, प्रचंड साहस, प्रबल संकल्प के साथ यदि युवा अपने कदम आगे बढ़ा लें तो असंभव को भी संभव कर सकते हैं। उन्होंने कहा विवेकानंद जी ने जो काम अल्प आयु में करके दिखाया हैं, वह अद्भुत और अविस्मणीय हैं, हर युवा का सिर विवेकानंद जी के समक्ष आदर से झुक जाता हैं। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा जो अपने लिए जीते हैं, वह केवल जीते हैं, और जो अपने लिए जीते उनका कोई महत्व नहीं है, जब कभी कोई दुर्बल युवा स्वामी विवेकानंद जी के पास आता और गीता की बात करता तो वो कहा करते थे कि अगर गीता संदेश जानना चाहते हो तो जाओ मैदान में फुटबाल खेलों, जब तुम्हारी अर्जुन जैसी मजबूत भुजाएं होगी, तब तुम गीता के संदेश को समझने के योग्य होगे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भावसिंह लोधी ने स्वामी विवेकानंद जी के वक्तव्य के साथ व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य, जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के छात्र-छात्रायें और अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण मौजूद थे।

### छात्र छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार



**झलोन।** राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सुबह से योग का काफी उत्साह दिखा। छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों में योग शिक्षक शिक्षिकाओं ने 9 बजे से योगाभ्यास की किया। जिसमें उपस्थित योग शिक्षक रमन हजारी द्वारा योग अभ्यास कराया। इंटरनेशनल स्कूल के संचालक पुष्पेंद्र सेन एवं कई अभिभावकों की उपस्थिति रही। अंत में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर जितेंद्र जैन द्वारा प्रकाश डाला। उनके आदर्श को अपने जीवन में उतरना प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिथि भारत सिह, मंडल अध्यक्ष पंचम सिंह, पूर्व सरपंच बैरागढ़ मुकेश जैन की उपस्थिति रही। अंत में कार्यक्रम का समापन प्रभारी प्राचार्य अशोक साहू द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राज्य शासन के निर्देशानुसार भगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हटा नगर के शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर विद्यालय प्रांगण में किया गया। जहां क्षेत्रीय विधायक ने जनप्रतिनिधियों शिक्षकों व छात्रों के साथ सूर्य नमस्कार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगीत, वंदे मातरम तथा मध्य प्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया। तत्पश्चात रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकॉर्ड संदेश प्रसारित सभी को सुनाया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष मनीष पलया जनपद सदस्य गंगाराम पटेल एमएलबी प्राचार्य बीपी ठाकुर प्रधानाध्यापक प्रकाश खटीक के साथ समस्त शिक्षकों व छात्राओं की उपस्थिति रही।

### जेल मैं कैदियों ने किया सूर्य नमस्कार

समूचे प्रदेश के साथ हटा सब जेल में भी युवा दिवस मनाते हुए नागेन्द्र चौधरी जैलर की उपस्थिति में योगाचार्य ऋतुराज सिंह द्वारा जेल में बंद सभी बंधिया वी जेल स्टाफ को सूर्य नमस्कार व प्राणायाम कार्यक्रम कराया गया। जिसमें समस्त जेल स्टाफ व बंदियों द्वारा उमंग उत्साह के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस दौरान योगाचार्य ऋतुराज सिंह ने कहा कि योग के बिना जीवन शून्य हैं। किसी भी व्यक्ति में संस्कारों के साथ भौतिक सुख सुविधाओं में उन्नति के पीछे कहीं न कहीं योग का सहयोग नजर आता है। जीवन जीना है तो योग ही आपको स्वस्थ समृद्ध और विकसित कर सकता है।

# अहिरवार समाज संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** अहिरवार समाज संघ द्वारा कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बताया कि दमोह शहर के कचौरा मार्केट पर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर भवन जो वर्तमान में नगर पालिका द्वारा संचालित है जिस कारण ठीक से रख रखाव नहीं हो पा रहा है जिस कारण किसी भी मांगरिक कार्यक्रमों में असुविधा होती है जिसको देखते हुये समाज के एक निजी संगठन द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन को हतयाने का प्रयास किया जा रहा है जबकि यह संगठन सामाजिक न होते हुए कुछ स्वार्थी लोगों द्वारा चलाया जा रहा है जिनका अहिरवार समाज सये दूर दूर तक कोई भी जुड़ाव नहीं है। ज्ञापन देते हुए मांग की है कि विभिन्न संगठन जो सामाजिक कार्यो को निरंतर सामाजिक कार्या में बढ़चढ़कर भूमिका निभाते है ऐसे सभी संगठनों के दो दो यह उससे अधिक प्रतिनिधियों को शामिल कर एक डॉ.भीमराव अंबेडकर भवन संचालन समिति बनाकर अहिरवार समाज के संचालन मण्डल को सौंपा जायें। यदि किसी एक संगठन को डॉ.अंबेडकर भवन सौंपा जाता है तो सम्पूर्ण सामाजिक संगठन एवं अहिरवार समाज इसका पुरजोर विरोध करेगी और सड़को पर उतरकर धरना आंदोलन करने को मजबूर होगीं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रताप रोहित, कोमल अहिरवार, सुनील आनंद, मोहनीश राय, संजय रोहित, हरबेद लड़िया आदि की उपस्थिति रहीं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में शाला के प्रधानाचार्य अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ विद्यालय के संचालक महोदय सुशील गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कर्याक्रम में कक्षा छटवी से दसवी के तक के विद्यार्थियों ने शाला के समस्त शिक्षकों के साथ सूर्य नमस्कार किया। शाला के संचालक महोदय ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और छात्रों के उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्रधानाचार्य ने एक कहानी के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

# मुहरई में चल रही ट्रॉफी पर बंडा ने किया कब्जा

### उपविजेता टीम शाहपुर रही



**रनेह।** समीपी ग्राम मुहरई में चल रहे जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बंडा एवं शाहपुर के बीच खेला गया। जिसमें बंडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 184 रन का स्कोर खड़ा किया।जिसका पीछा करते हुए शाहपुर की टीम 170 रन पर आल आउट हो गई। बंडा ने 15 रन से जीत हासिल कर ली। इस मैच में मैन आफ द सीरीज सोमपाल, मैन ऑफ द मैच दिनेश त्रिवेदी रहे। कार्यक्रम में जिला के ऊर्जावान अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, हटा विधायक उमादेवी खटीक, मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, संयोजक लक्ष्मण तिवारी, रणधीर दाहिया(पूर्व जिला पंचायत सदस्य), टीम के आयोजन कर्ता मायाराम पटेल, योगेश पटेल, हरेंद्र पटेल, रवि पटेरिया, गिरीश पटेल, श्रीकांत पटेल रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# बांदकपुर में मनाया गया युवा दिवस, किये योगाभ्यास

**बांदकपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल बांदकपुर में विवेकानंद जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बांदकपुर के सरपंच सुनील कुमार डबुल्या के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार के योग, शारीरिक व्यायाम, एवं सूर्य नमस्कार योगाभ्यास किये गये। माननीय सरपंच महोदय जी के द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन आदर्शो पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, आचार्य स्टाफ, समिति सदस्य एवं ग्राम के नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन नन्हे भाई सेन आचार्य के द्वारा किया गया विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद गर्ग के द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त ग्राम वासियों, समिति सदस्यों, एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में जिनकी भूमिका रही उन सभी का आभार व्यक्त करते हुए कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



# ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के लिए संदली चादर निकाली

**पटेरा।** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेर शरीफ के उर्स के लिए पटेरा में संदली चादर निकाली गई। जिसमें पटेरा के समस्त मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईदगाह मैदान में पहले परचम कुशाई हुई। फिर फातिहा पढ़ी गई। उसके बाद चादर शरीफ वहां से शहर गश्त के लिए पटेरा के मुख्य मार्गों से होते हुए ब्लॉक तिगड्डे, रसूलगंज ,पुराना बाज़ार, बस स्टैंड होते हुए, शोभनगर होते हुए पहाड़ी पर स्थित पीर मरदान शाह अली रहमतुल्लाह अलेह की मझार तक गई। वहां पर जुलूस का समापन किया गया। चादर के साथ जुलूस में सोनू मासाब, बादशाह खान, राजा खान,बबलू नलवाले, साहिल, सुक्की, सोनू बाबा, अमजद ठेकेदार, मुबीन, छिद्दू बड्डा, रफीक सेल्समैन, सदाकत डॉक्टर, रफीक शाह, साकिर शाह, इस्लाम ठेकेदार, अनवर टेन्ट, आबिद, रहबर खान, मूसा, नसीम खान, अट्टू, रियाज, आदि शामिल रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई



**हिण्डोरिया।** नगर में स्वामी विवेकानंद जयंती बडे. धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कन्या हाई स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर नगर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में युवा जागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। अंत में उपाध्याय वार्ड पहुंची। जहां पर श्री जीपी चौबे इंग्लिस मीडियम शाला परिसर मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा भाषण एवं प्रश्न मंच का कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों को समिति के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर प्रेम नारायण प्यासी, गनेश सिंह, सुजात खान सहित अनेक वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमओ मोहन लाल साहू, सुधांशु चौबे, जगदीश चौरसिया, अन्नू राजपूत, देव सिहं, राजेश वर्मा, कमलेश नामदेव, बंशी उपाध्याय, अक्षय चौबे, बसंत सिंह, भान सिंह सहित नगर सेवा समिति के समस्त सदस्य किशोरी शक्ति दल की बालिकाएं एवं शालेय परिवार की विशेष उपस्थिति रही।

# शहर गस्त को निकली अजमेर शरीफ की संदली चादर

**हटा।** सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन हसन चिश्ती ख्वाजा गरीब नवाज का सालाना उर्स राजस्थान अजमेर में जारी है जिसमे हटा नगर के ख्वाजा बाबा के चाहने वाले प्रत्येक वर्ष चादर पेश करते है, इस संदली चादर को लेकर पहले शानो शौकत से मुस्लिम युवाओं द्वारा प्रत्येक वर्ष अनुसार इस बर्ष भी कमेटी के तत्वाधान में मदार चिल्ला मैदान से चादर का आगाज हुआ और मंदिर मस्जिद चौराहा से बड़ा बाजार बजरिया चंडी जी होते हुए संदली चादर लेकर जुलूस शुरुआाती स्थल पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन हुआ और देश के हक में अमन चैन की दुआ की गई इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओ की मौजूदगी रही।



# प्रतियोगिताओं के विजेताओं को थाना प्रभारी ने दिये मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ में संस्कार माउंटेन स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें बच्चो द्वारा सूर्य नमस्कार किये गए। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री बच्चो को दिखाई गई एवं बच्चो के लिए दौड़, गायन डांसिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल पहुंची साथ में उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे, आरक्षक अक्षय मिश्रा भी मौजूद रहे। जहां पर थाना प्रभारी ने पहुंच कर मां सरस्वती जी का पूजन किया और स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर छात्रों को विवेकानंद जी के बारे में जानकारी दी वहीं जो छात्र स्पर्धा में फर्स्ट सेकंड आये उन्हें मेडल देकर प्रोत्साहित किया। वही स्कूल स्टाफ सुरेन्द्र मिश्रा, धर्मेंद्र, गोपाल, जितेन्द्र, शैलेन्द्र, महेश, प्रतीक्षा, नेहा, रविता, रश्मि, संध्या, आशु, कामिनी, रिया और सुमन की उपस्थिति रही।



# मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**जबेरा।** जबेरा हाई स्कूल मैदान में मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंत्री जी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी द्वारा क्रिकेट प्लेयरो से एक एक से क्रमबद्ध परिचय करने के बाद फीता काट कर ट्रास कराकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस टूर्नामेंट में 16टीमे भाग लेगी। बंटी इलेवन के तत्वाधान में आज का पहला मैच जबेरा और नोहटा के बीच खेला गया जबेरा टीम ने ट्रांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया कार्यक्रम शुभारंभ के दौरान जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई, रवि शंकर बाजपेई, सरपंच शिवलाल धुर्वे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सहारा ठाकुर ,मुकेश ठाकुर, सुदीप अवस्थी, विनोद बाजपेई, उपदेश सिंह ठाकुर ,उमाकांत ठाकुर, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा बिसनाखेडी से पहुंची धनेटा

**झलोन।** जबेरा विधानसभा से विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम धनेटा माल में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान नागरिक जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संकल्प है की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी घर घर पहुंच रही हैं और मोदी जी का सपना है कि हर परिवार सशक्त एवं समृद्ध बने। कार्यक्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष तेंदूखेड़ा गोविंद यादव नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश चंद्र जैन मुरत सिंह लोधी खिलान सिंह लोधी नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव श्यामलाल पटेल भगवान दास पटेल अशोक जैन तुलसीराम मालगुजार सैकड़ो चेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवाओं ने किया रक्तदान

**दमोह।** नेहरू युवा केन्द्र दमोह के उपनिदेशक सुधीर सिंह के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दमोह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यशराज सिंह, शुभम रैकवार द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर लेखाधिकारी तेज खान, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नमन खरे, अंकित बसेडिया, रामसेवक लोधी, सोमनाथ,रूबी राय,बसंत पटैल के साथ जितेंद्र सिंह , अरविंद सेन, घनश्याम पटैल की उपस्थिति रही। वही नेहरू युवा केन्द्र दमोह द्वारा 11 से 17 जनवरी तक चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत थाना यातयात दमोह से घंटाघर दमोह तक पुलिस प्रशासन के सहयोग से सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को सुरक्षित यातायात के साथ सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना यातायात से यातायात प्रभारी हेमंत बरहैया, सहायक उप निरीक्षक महावीर झा, रमेश तिवारी, चंद्रवीर सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति जगदीश शर्मा आदि भी उपस्थिति रही।

### प्रेम नारायण सोनी का निधन

**दमोह।** नगर के सोनी समाज के प्रतिष्ठित श्री प्रेम नारायण सोनी का 69 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। आप केके सोनी, प्रदीप सोनी के पिताजी थे। अंतिम यात्रा में सभी वर्ग के लोगो ने शामिल होकर शोक संवेदना प्रकट की।

### नपा कर्मी भागीरथ शर्मा निलंबित

**दमोह।** नगर पालिका में भृत्य के पद पर पदस्थ भागीरथ शर्मा को निलंबित कर दिया गया बता दे की भागीरथ शर्मा 2021 में एक मामले में सागर लोकायुक्त द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए थे उसके बाद चालान पेश की कार्यवाही के पश्चात भागीरथ शर्मा को गुरुवार को निलंबित कर दिया गया। निलंबन की अवधि में इनका मुख्यालय नगर परिषद तेंदूखेड़ा होगा एवं निलंबन अवधि में नियम अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

### अस्पताल में बेटे की मौत, आरोपी फरार, छोटी सगोनी गांव में घटना

# मामूली विवाद पर आरोपी ने मां के सामने बेटे को मारी गोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरिया शंकर के गांव छोटी सागोनी गांव में शुक्रवार को दिल दहला देने वाला घटनाक्रम सामने आया है यहां पर अपने घर क बाहर मां के साथ खड़े एक युवक को एक अन्य युवक ने पेट में गोली मार दी। गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल ले जाने के बाद जबलपुर रेफर किए जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छोटी सागोनी निवासी राघवेंद्र सिंह लोधी मां के साथ अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान राजकुमार लोधी अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए उसने राघवेंद्र के सीने पर कट्टे से फायर किया जिससे गोली उसके पेट में घुस गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग गया वही राघवेंद्र की मां गांव वालों की मदद से उसे लेकर पथरिया अस्पताल पहुंची जहां से उसे दमोह की जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन इसके पहले ही उसकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर पथरिया थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है

### हथगोला फटने से युवक गंभीर



**दमोह।** नगर के बिलबारी मोहल्ला क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर तेज धमाके की आवाज से लोग दहशत में आ गए बाद में फिरोज खान नाम के युवक को घायल दशा में परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पहले तो उनके द्वारा स्टोब फटने से हादसा होना बताया गया। लेकिन प्रथम दृष्टिया मामला विस्फोट का नजर आने पर गहराई से पूछताछ करने पर मामला हथगोला फटने से हादसा होने का सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलवारी मोहल्ला निवासी फिरोज खान के घर में हथगोला रखा हुआ था। जिसे पुलिस सर्चिंग के डर से वह पानी से भरी बाल्टी में रखकर सीढ़ियो से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान बाल्टी गिर जाने से हथगोला फूट गया। और तेज धमाके के साथ उसक छर्रे फिरोज को लगने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसका इलाज जारी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फिलहाल घटना की वजह का पता नहीं लग चुकी है।

## बाइक सवार सरपंच की ट्रक की चपेट में आने से मौत



**तेजगढ़।** दमोह जिले के तेजगढ़ में गुरुवार देर रात को भयानक सड़क हादसा हो जाने से समदई पंचायत के सरपंच की मौत हो गई। घटना तेजगढ़ मेन बस स्टैंड की है। मोके पर पुलिस पहुची हो।हंड्रेड डायल भी तेजगढ़ स्टैंड पर ही खड़ी हुई थी तो। तत्काल हंड्रेड डायल में ड्यूटी के दौरान आरकक्षक महेंद्र साहू,नन्हे सींग ठाकुर, पायलट हेमंत, ने बताया कि हमलोग स्टेंड पर ही थे जब एक्सीडेंट हुआ था। तत्काल गैस सिलेंडर से भरा ट्रक क्रमांक एमपी 04 जी बी 7864 पथरिया दमोह से गैस खाली कर तेन्दूखेड़ा की तफर जा रहा था।तभी अचानक से ट्रेक के सामने मोटर साइकिल आई गई। ट्रक की टक्कर लगने से मोके पर गिर गया सिर में चोट लगने के कारण बहुत खून निकल रहा था।तुरंत पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर 108ली मदद से तेन्दूखेड़ा अस्पताल भेजा गया।जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक प्रकाश अहिरवाल पिता ।हरप्रशाद अहिरवाल उम्र 38बर्ष निवासी पटेरिया माल ग्राम पंचायत समदई में बर्तमान सरपंच थे।मृतक के शव का पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द किया। प्रधान आरक्षक हरिचरन गर्ग ने बताया कि। घटना देर रात की है।मृतक प्रकाश अहिरवाल के भाई सुनील ने बताया कि मेरी बात प्रकाश से रात 9बजे हुई थी तभी भाई प्रकाश ने ये बताया था कि।में अभी थोड़ी देर बाद आ रहा हूँ। उसके बाद उपसरपंच सुनील शाह ठाकुर का फोन आया था कि सरपंच का तेजगढ़ में एक्सीडेंट हो गया है। तुरंत अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कलेक्टर ने छात्रावास व निर्माणाधीन विद्यालय भवन का किया निरीक्षण

### छात्राओं ने आम रास्ता बंद करने का कलेक्टर से किया आग्रह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शनिवार को कलेक्टर श्री मयंक अग्रवाल द्वारा नगर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया जहां आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावास में छात्राओं को पानी की कमी को देखते हुए नगर पालिका से जल निगम द्वारा पानी की आपूर्ति कर जाने के निर्देश दिए वही एमएलबी स्कूल द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में निरीक्षण के दौरान छात्रावास में उपस्थित छात्राओं से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली जहां छात्राओं द्वारा छात्रावास के पीछे बनाए गए आम रास्ते को बंद किए जाने की मांग की गई जिसमें सामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है एवं छात्राओं की सुरक्षा के लिए खतरा बना रहता है जिसमें कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही आम रास्ते को बंद कर समस्या का निराकरण करने एसडीएम को निर्देशित किया वहीं छात्रावास अधीक्षक सत्यम सढैया द्वारा छात्रों की संख्या के अनुसार एक अतिरिक्त हाल बनाए जाने की मांग की गई एवं छात्रावास से मुख्य मार्ग तक पहुंचने वाली सड़क पर स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण शाम को छात्राओं को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिस हेतु लाइट की व्यवस्था कराई जाने का आग्रह किया गया जिस पर उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था बनाए जाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया वही छात्रावास के पीछे से पुरैना जाने वाले गांव के लिए लोगों ने आम रास्ता बना लिया इसको बंद कराया जाए। इसके उपरांत है कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा केंद्रीय विद्यालय के नव निर्माण अधीन भवन का निरीक्षण किया गया जहां पर काम बंद पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही भवन का अपूर्ण कार्य पूर्ण कराए जाने के सख्त निर्देश दिए जिससे नवीन भवन में नए शिक्षण सत्र का संचालन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रीता डेहरिया, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीएस राजपूत की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार



**दमोह।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास का शुभारंभ कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती और युवा दिवस है। इस अवसर पर सभी के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया है। सभी लोग इसे प्रतिदिन दिनचर्या में अपनाये, जिससे सभी स्वस्थ्य रहे। इस दौरान लाइव टेलीकास्ट से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम देखा गया। सहायक संचालक शिक्षा नन्हें सिंह ठाकुर ने कहा सूर्य नमस्कार सबसे बड़ा योग है, जिसको प्रातः रोज करने से हम स्वस्थ और निरोगी रहेंगे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, एसडीएम आर.एल. बागरी, तहसीदार मोहित जैन, डीपीसी श्री द्विवेदी, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, सहायक संचालक शिक्षा नन्हें सिंह, बीईओ वाई.के. कोरी, प्राचार्य श्री अहिरवार सहित जनप्रतिनिधिगण, सम्मानीय मीडियाजन, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, उत्कृष्ठ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम का संचालक डॉ आलोक सोनवलकर एवं विपिन चौबे ने किया।

## मॉडल स्कूल में हुआ सूर्य नमस्कार का आयोजन

**पटेरा।** संकुल अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा ,मॉडल स्कूल पटेरा, शासकीय कन्या शाला पटेरा, एवं संकुल अंतर्गत समस्त स्कूलों में आज दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा में भी सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें पटेरा तहसील से नायब तहसीलदार सोनी, विकासखंड अधिकारी संजय बजाज एवं शाला परिसर से प्राचार्य जे.एस. अहिरवाल, श्रीमती वंदना भोज एवं एन. के. श्रीवास्तव एवं समस्त शाला के समस्त शिक्षक स्टाफ विनय जैन, अमित जैन ,सुरेंद्र सिंह, सुनील राय, नीरज मिश्रा सहित विक्की ताम्रकार एवं शाला के छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार में भाग लिया। मॉडल स्कूल से प्रभारी प्राचार्य श्री नेमा जी रामेश्वर चौरसिया, कमलेश शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कन्या शाला से प्राचार्य श्री कटहरे एवं प्रमोद परोहा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा तत्पश्चात योग शिक्षक शिरीष नेमा एवं मुंशीलाल सैयम द्वारा अभ्यास कराया गया। सभी योग आसनों से होने वाले लाभों को छात्र-छात्राओं को अवगत कराया योग शिक्षक शिरीष नेमा द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि यदि हम नियमित रूप से योग अभ्यास या सूर्य नमस्कार करते हैं तो हम स्वस्थ रहेंगे। सभी बीमारियों से दूर रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में शाला में के प्राचार्य महोदय जे.एस.अहिरवाल द्वारा सभी आगत अतिथियों का एवं जनप्रतिनिधियों का पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। एवं छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने की सलाह दी गई ।



## स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** स्वामी विवेकानंद जी के 161वीं जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में प्रातः 9:00 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के बास्केट बॉल परिसर में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार जी के नेतृत्व में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्, एनएसएस वॉलेंटीयारों, रेड रिबन क्लब एवं ईको क्लब के सदस्यों सहित अन्य विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया गया। प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के होने वाले लाभों से अवगत कराते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से प्रतिदिन सूर्य नमस्कार के 12 आसन करने के लिए जागरूक किया गया तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार ,आस पड़ोस एवं मित्रों को भी अनिवार्य रूप से सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण प्रदान करें और महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर और पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाकर अपने घरों के आस-पास साफ सफाई भी करें। इस कार्यक्रम में डॉ. अनिता नायक, डॉ. के. एस. बामनिया, डॉ. मीरा माधुरी महंत, डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी एवं प्रहलाद ठाकुर के सहित अन्य विद्यार्थी भी उपस्थित रहे हैं।

## 46 वीं बार किया रक्तदान



**दमोह।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव सम्माननीय अर्पित वर्मा, जिला पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी की प्रेरणा से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एवं मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समितिदमोह के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत ने आज 46 वी बार अपना रक्तदान किया। युवा दिवस पर सभी युवाओं से आह्वान किया, कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लें।

### राज्यमंत्री लखन पटेल आज दमोह आएंगे

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज 13 जनवरी को प्रातः 9 बजे भोपाल से चलकर अपरान्ह 2 बजे दमोह आएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप रात्रि विश्राम दमोह में करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किए जाएंगे।

## राजस्व महाअभियान 15 से 29 फरवरी तक

**दमोह।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश में राजस्व महाअभियान संचालित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिये निर्देशों के अनुसार राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 फरवरी, 2024 तक संचालित किया जायेगा। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों से कहा है महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों (**RCMS**) में लंबित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, सीमाकंन, अभिलेख द्रुरूस्ती आदि) का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा महाअभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना शामिल हैं। उन्होंने कहा राजस्व महाअभियान हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। उक्त अधिकारी निर्धारित समयानुसार समस्त पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों से समय-सीमा में कार्यवाही करवाएगें एवं की गई कार्यवाही की जानकारी प्रतिदिन गूगल शीट में दर्ज करवाना सुनिश्चित करेंगे। राजस्व महाअभियान में पटवारी 15 जनवरी से 31 जनवरी तक समस्त ग्रामों में बी-1 वाचन सुनिश्चित करेंगें तथा आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण दर्ज करेंगे। इसी प्रकार 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व अभिलेख में सुधार, प्रकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं रिपोर्ट प्रदान करना, आधार से ई-केवाएसी कराने और खसरे तथा आधार की लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु किसानों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा राजस्व महाअभियान में अनुविभागीय अधिकारी/ तहसीलदार/ नायब तहसीलदार 15 जनवरी से 29 फरवरी तक अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार, ग्रामों का क्लस्टर बनाकर सतत भ्रमण, अभियान में आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों एवं अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, बटांकन, अभिलेख द्रुरूस्ती सबंधी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण, आधार से ई-केवायसी और खसरे तथा आधार की लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु किसानों को प्रेरित करेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा राजस्व महाअभियान के तहत 15 जनवरी को तहसील बटियागढ़ फतेहपुर हल्का सादपुर ग्राम सादपुर में शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 16 जनवरी को तहसील बटियागढ़ फतेहपुर हल्का सिंगपुर ग्राम सिंगपुर फतेह तथा 17 जनवरी को नीमखेड़ा में शिविर आयोजित किया जायेगा।

# गरीब नवाज के उर्स की सन्दली चादर धूमधाम से निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंद के राजा, हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी अताऐ रसूल सुम्मा अजमेरी (राजस्थान) के 812 वां उर्स के मौके पर नगर के प्रमुख मार्गों पर आतिश-बाजी, डीजे, गाजे-बाजे , सीनरी, बग्गी, चलित लंगर वाहन, इस्लामी झण्डों एवं हिन्द के राजा-मेरे ख्वाजा जैसे मजहबी गगनचुंबी नारों के साथ सन्दली चादर विशाल जुलूस के साथ निकाली गई। सर्व प्रथम नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के मुस्लिम नौजवान, बच्चे, बुजुर्ग स्थानीय खान काह नूरी फरीदी वार्ड नंबर 7 में



एकत्रित हुए। जहां से सन्दली चादर के साथ एक विशाल जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाला गया। जिसका समापन हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्लाह अलेय तकिया वाले बाबा परिसर में हुआ । सन्दली चादर जुलूस का रास्ते भर अकीदतमंद हजरात द्वारा इस्तकबाल किया गया । साथ ही ख्वाजा के दीवानों व्दारा चादर शरीफ को चूमकर दिल खोलकर नजराना ए अकीदत पेश किया गया। समापन पर संदली चादर जुलूस इंतजामिया कमेटी के सदर कलीम भोपाली एवं सचिव साकिर खान ने कार्यक्रम में शिरकत करने वाली सभी हजरात का दिल से शुक्रिया अदा किया। जूलूस मे टीआई महेन्द्र सिंह जगेत के नेतृत्व मे पुलिस स्टाफ की व्यवस्था अत्यंत सराहनीय रही।